गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए सुरक्षा एवं सुविधाओं की व्यवस्था की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

केन्द्रीय गृह मंत्री ने श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए सुरक्षा एजेंसियों को चौकस रहने और पर्याप्त सुरक्षाबलों की तैनाती सुनिश्चित करने के आदेश दिए

गृह मंत्री ने प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुस्थापित मानक संचालन प्रतिक्रिया तंत्र सहित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया

श्री अमित शाह ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने तथा श्री अमरनाथ जी यात्रा प्रबंधन में पर्यावरण अनुकूल उपाय करने के लिए कटिबद्ध

29 जून से शुरू हो रही श्री अमरनाथ जी यात्रा के सुचारू संचालन के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं

मोदी सरकार की ये प्राथमिकता है कि अमरनाथ यात्रियों को सुगमता से दर्शन हों और उन्हें किसी समस्या का सामना न करना पड़े

प्रविष्टि तिथि: 16 JUN 2024 8:21PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए सुरक्षा एवं सुविधाओं की व्यवस्था की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजीत डोभाल, जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा,

सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, सेनाध्यक्ष (नामित) लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) के महानिदेशक, जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के दौरान, केन्द्रीय गृह मंत्री ने श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए सुरक्षा एजेंसियों को चौकस रहने और पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुस्थापित मानक संचालन प्रतिक्रिया तंत्र सहित एजेंसियों के बीच बेहतरीन समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। श्री अमित शाह ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने तथा श्री अमरनाथ जी यात्रा प्रबंधन में पर्यावरण अनुकूल उपाय करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ये प्राथमिकता है कि अमरनाथ यात्रियों को सुगमता से दर्शन हों और उन्हें किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की है। पिछले साल 4.5 लाख से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र दर्शन किए थे। इस साल यात्रा आगामी 29 जून से शुरू होगी। जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने यात्रा के सुचारू संचालन के लिए व्यापक व्यवस्था की है, जिसमें बिना किसी परेशानी के पंजीकरण, काफिले की आवाजाही, शिविर लगाने की सुविधा, चिकित्सा सुविधाएं, ट्रैक्स को बेहतर बनाना, बिजली एवं पानी की आपूर्ति और मोबाइल फोन कनेक्टिविटी प्रदान करना शामिल है।

*****

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2025756) आगंतुक पटल : 19

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English